सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड की मासिक पत्रिका

# अपनी बात

अंक : 582 वर्ष 43 रांँची, 31 जुलाई, 2022










# सीसीएल का कोयला उत्पादन, प्रेषण एवं ओबी रिमूवल में नया कीर्तिमान

कोल इंडिया लिमिटेड की झारखंड स्थित सहायक कंपनी सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड ने प्रथम तिमाही में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। कंपनी ने वर्तमान वित्तीय वर्ष 2022–23 की पहली तिमाही (अप्रैल–जून) के दौरान 15.68 मिलियन टन कोयले का उत्पादन किया जबकि 20.08 मिलियन टन कोयले का प्रेषण कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। इतना ही नहीं पहली तिमाही के दौरान ओवर बर्डन रिमूवल भी 29.12 मिलियन क्यूबिक मीटर (MCuM) रहा।

ज्ञातव्य हो कि सीसीएल ने पिछले वित्तीय वर्ष 2021–22 में कोयला उत्पादन में पूर्व रिकार्ड तोड़ते हुये 68.85 मिलियन टन कोयला का उत्पादन कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया था।

सीएमडी, श्री पी एम प्रसाद, निदेशकगण एवं सभी स्टेकहोल्डर्स के सकारात्मक सहयोग से कंपनी निरंतर देश की ऊर्जा मांगों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। सीएमडी श्री पी एम प्रसाद ने राज्य सरकार, जिला प्रशासन, ट्रेड यूनियन प्रतिनिधियों और अन्य हितधारकों को उनके निरंतर समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया।

# कोल इंडिया अध्यक्ष ने सीसीएल में समीक्षा बैठक की

विगत 27 जुलाई को सीसीएल मुख्यालय, दरभंगा हाउस, राँची में कोल इंडिया के अध्यक्ष श्री प्रमोद अग्रवाल ने सीसीएल के कार्य निष्पादन की समीक्षा बैठक किया। बैठक में सीएमडी, सीसीएल श्री पी.एम. प्रसाद, सीएमडी, सीएमपीडीआई, श्री मनोज कुमार, निदेशक (कार्मिक), सीसीएल, श्री पी.वी.के.आर. मल्लिकार्जुन राव, निदेशक तकनीकी (संचालन) श्री राम बाबू प्रसाद, निदेशक तकनीकी (योजना/परियोजना), श्री एस. के. गोमस्ता, सीवीओ श्री एस.के. सिन्हा, अध्यक्ष कोल इंडिया के तकनीकी सचिव, श्री एम.के. सिंह सहित सीसीएल मुख्यालय के विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक/विभागाध्यक्ष उपस्थित थे।




समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए कोल इंडिया अध्यक्ष श्री प्रमोद अग्रवाल

कोल इंडिया के अध्यक्ष ने सीसीएल के 13 ऐसे खदानों का समीक्षा किया जो कोल इंडिया के एक बिलियन टन कोयला उत्पादन में विशेष रूप से शामिल है। समीक्षा बैठक के दौरान श्री अग्रवाल ने सभी खदानों के बारे में जानकारी प्राप्त किये और आवश्यक दिशा–निर्देश दिये। उन्होंने सभी से प्लांनिंग के साथ कार्य करने को कहा जिससे कोयला उत्पादन के लक्ष्य की प्राप्ति कंपनी समय के साथ कर सके।


इससे पूर्व सीसीएल के सीएमडी श्री पी.एम. प्रसाद ने अध्यक्ष, कोल इंडिया श्री प्रमोद अग्रवाल का स्वागत करते हुये उन्हें पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से सीसीएल के 13 खदानों जैसे मगध, आम्रपाली, कारो, कोणार्क, रोहणी करकट्टा, कोतरे बंसतपूर, चन्द्रगुप्त, संघमित्रा, पुण्डी, केडीएच, तापिन, रजरप्पा और नार्थ उरीमारी के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

**पीठ हमेशा मजबूत रखनी चाहिए क्योंकि शाबासी और धोखा दोनों पीछे से ही मिलते हैं।**

**– एपीजे अब्दुल कलाम**

# सीजेआई ने सीसीएल कोविड क्राइसिस स्कॉलरशिप के लाभार्थियों को दिए चेक

## सीसीएल चयनित उम्मीदवारों को लगातार दो साल तक छात्रवृत्ति प्रदान करेगा




"सीसीएल कोविड क्राइसिस स्कॉलरशिप स्कीम" के एक लाभार्थी को चेक प्रदान करते माननीय मुख्य न्यायाधीश श्री एन वी रमणा

विगत 23 जुलाई को भारत के माननीय मुख्य न्यायाधीश श्री एन वी रमणा द्वारा जूडिशियल एकेडमी, राँची में न्यायमूर्ति एस बी सिन्हा स्मृति उद्घाटन व्याख्यान समारोह के दौरान "सीसीएल कोविड क्राइसिस स्कॉलरशिप स्कीम" योजना के अन्तर्गत चयनित लाभार्थियों को स्कॉलरशिप राशि का चेक प्रदान कर इस योजना का शुभारंभ किया गया। ज्ञात हो कि सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) की एक नई सीएसआर पहल "सीसीएल कोविड क्राइसिस स्कॉलरशिप स्कीम" के लाभार्थियों के बीच कुल 95.50 लाख रुपये की राशि का भुगतान किया जाएगा।

'सीसीएल कोविड क्राइसिस स्कॉलरशिप योजना' उन छात्रों के लिए एक विशेष छात्रवृत्ति योजना है, जिन्होंने कोविड –19 के कारण अपने माता–पिता या परिवार के प्राथमिक कमाने वाले सदस्य को खो दिया है और कक्षा –1 से स्नातक तक का अध्ययन कर रहे हैं। ये लाभार्थी झारखंड के आठ जिलों– राँची, रामगढ़, हजारीबाग, गिरिडीह, चतरा, लातेहार, पलामू और बोकारो से हैं जहाँ देश की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए कंपनी द्वारा खनन गतिविधियाँ की जाती हैं।

भारत के मुख्य न्यायाधीश के अलावा, माननीय मुख्य न्यायाधीश, झारखंड उच्च न्यायालय सह पैट्रोन–इन–चीफ, नालसा डॉ. रवि रंजन, माननीय न्यायाधीश, झारखंड उच्च न्यायालय और कार्यकारी अध्यक्ष, झालसा न्यायमूर्ति अपरेश कुमार सिंह, माननीय न्यायाधीश, झारखंड उच्च न्यायालय और प्रभारी न्यायाधीश, जूडिशियल एकेडमी, झारखंड, न्यायमूर्ति एस चंद्रशेखर, माननीय न्यायाधीश, झारखंड उच्च न्यायालय एवं अध्यक्ष, एचसीएलएससी न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद, झारखंड के माननीय न्यायाधीश एवं चांसलर नोमिनी टू एक्जीक्यूटिव काउंसिल, एनयूएसआरएल के न्यायमूर्ति रंगोन मुखोपाध्याय और झारखंड उच्च न्यायालय के अन्य माननीय न्यायाधीश और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। इस अवसर विशेष पर सीएमडी, सीसीएल श्री पीएम प्रसाद और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

निदेशक (कार्मिक) श्री पीवीकेआर मल्लिकार्जुन राव के मार्गदर्शन में सीसीएल ने उपरोक्त छात्रवृत्ति योजना की शुरुआत की, जिसका उद्देश्य समाज के कमजोर वर्गों से आने वाले छात्रों को वित्तीय सहायता प्रदान करना है जिनकी शिक्षा COVID–19 के दौरान बाधित हुई है। इस योजना के तहत चयनित 180 छात्रों को 20000/– रुपये से लेकर 50000/– रुपये तक प्रति छात्र प्रति वर्ष उन्हें अपनी शिक्षा जारी रखने के लिए छात्रवृत्ति के रूप में दिया जाना सुनिश्चित किया गया है।

# सीसीएल की माईनिंग इंजीनियर सुश्री आकांक्षा कुमारी ने एक नया इतिहास रचा

## माइंस रेस्क्यू एंड रिकवरी वर्क में प्रशिक्षित होने वाली भारत की पहली महिला बनी




सीसीएल मुख्यालय राँची में सुश्री आकांक्षा कुमारी को सम्मानित करते सीएमडी श्री पी. एम. प्रसाद, निदेशक (तक./संचा.) श्री राम बाबू प्रसाद, निदेशक (का.) श्री पीवीकेआर मल्लिकार्जुन राव, निदेशक (तक./यो. एवं परि.) श्री एस. के. गोमास्ता, मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री एस. के. सिन्हा एवं अन्य

सीसीएल के एनके क्षेत्र के चुरी भूमिगत खदान में कार्यरत माईनिंग इंजिनियर सुश्री आकांक्षा कुमारी ने माइंस रेस्क्यू रूल्स के अनुसार माइंस रेस्क्यू एंड रिकवरी वर्क में प्रशिक्षित होने वाली भारत की पहली महिला बनकर इतिहास रचा है। वह कोयला जगत के चुनौतिपूर्ण क्षेत्र में महिला माईनिंग इंजिनियर के रूप में पहले ही उपस्थिति दर्ज करा चुकी है। विदित हो कि आकांक्षा पूरे कोल इंडिया की दूसरी और भूमिगत खदान में योगदान देने वाली पहली महिला माइनिंग इंजीनियर है।

सीएमडी, सीसीएल, श्री पी.एम. प्रसाद ने आकांक्षा कुमारी को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुये कहा कि यह सीसीएल के साथ–साथ पूरे देश के लिए एक गौरव का पल है।

सुश्री आकांक्षा कुमारी को सम्मानित करने के लिए दिनांक 22 जुलाई को मुख्यालय में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें सीएमडी एवं निदेशकगण उपस्थित थे।

सुश्री आकांक्षा कुमारी की प्रशंसा करते हुये सीएमडी श्री पी.एम. प्रसाद ने कहा कि उनकी उपलब्धि सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने कंपनी की सफलता में योगदान देने के लिए प्रोत्साहित किया।

इस अवसर पर निदेशक खान सुरक्षा, राँची रिजन,



प्रबंधन से माइंस रेस्क्यू एंड रिकवरी वर्क का सर्टिफिकेट प्राप्त करते सुश्री आकांक्षा कुमारी

निदेशकगण एवं सीवीओ ने भी सुश्री आकांक्षा कुमारी को उनके इस उपलब्धि के लिए बधाई एवं शुभकमानाएँ दी।

# ISO 9001:2015, ISO 14001:2015 एवं ISO 45001:2018 से सीसीएल प्रमाणित




ISO 9001:2015, ISO 14001:2015 एवं ISO 45001:2018 प्रमाण–पत्र के साथ सीएमडी, श्री पी. एम. प्रसाद एवं निदेशक (तक./संचा.) श्री राम बाबू प्रसाद

सेन्ट्रल कोलफील्डस लिमिटेड (सीसीएल) को ISO 9001:2015, ISO 14001:2015 एवं ISO 45001:2018 के अनुरूप प्रमाणित किया गया है। क्यूएमएस सर्टिफिकेशन सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड द्वारा के मूल्यांकन करते हुये सीसीएल को तीन मानकों में प्रमाण पत्र यानि ISO 9001:2015, ISO 14001:2015 एवं ISO 45001:2018 के आलोक में एकीकृत प्रबंधन प्रणाली (Integrated Management System) के तहत आईएसओ प्रमाण पत्र प्रदान किया गया है।

इसके अंतर्गत कोयले का खनन, संचालन एवं आपूर्ति, खनन से संबंधित मशीनों का रख–रखाव, मरम्मति, वाशरीज के माध्यम से कोयले का आकार एवं धुलाई, श्रमशक्ति की स्वास्थ्य सेवाएँ, सुरक्षा, स्टेकहोल्डर्स से विश्वसनीयता प्राप्त करते हुये सीसीएल अपने दायित्वों का निर्वहन किया है। उपरोक्त सभी अंतर्राष्ट्रीय मानकों का अनुपालन करते हुए सीसीएल को उपरोक्त प्रमाण पत्र प्राप्त हुआ है। इस प्रमाण पत्र के कारण गुणवत्ता, पर्यावरण, व्यावसायिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा की ओर कंपनी का फोकस और अधिक हो गया है तथा इसमें निरंतर सुधार की प्रक्रिया भी सतत जारी रहेगी, जिसका समय–समय पर प्रमाणन संस्था (Certification Body) निगरानी ऑडिट के तहत अंतर्राष्ट्रीय कसौटी पर जांच भी करेगी। सीसीएल के लिए यह बहुत बड़ी उपलब्धि है।


Integrated Management System

Certificate No.: 001-18009 - E
Certificate No.: 001-18009 - O

Certificate of Approval

This is to certify that the Integrated Management System at

Central Coalfields Limited

Darbhanga House, Ranchi - 834029, Jharkhand, India.
For Sites Addresses – See Annexure

has been examined by Assessors of QMS Certification Services Pvt. Ltd. and found to be conforming to the requirements of

ISO 9001:2015, ISO 14001:2015, ISO 45001:2018

In respect of the following activities:

a. Mining, Handling & Supply of Coal, and
b. Provision of allied support services like –
i) Repair and Maintenance of Mining Machinery,
ii) Coal Sizing and Washing through Washeries,
iii) Healthcare of Workforce and their families,
iv) Materials and Water Supply arrangements and
v) Emergency and Rescue Operations

Current Issue Date 12/05/2022, Valid till 13/11/2024*
Original Certification 14/11/2018

Sanjay Kumar Kaushik
Managing Director

QMS Certification Services Private Limited
AFF-1, 'Srivari Enclave', 4/7,
Raghavendra Colony,
Yeshwanthpur, Bengaluru - 560 022,
Karnataka, INDIA.
e-mail:qmscspl@gmail.com

JAS-ANZ
Accreditation No.: M5470514IB

* Subject to compliance with requirements specified in Service Specification & Agreement
* To check the validity of this certificate please visit www.jas-anz.org/register

# सीसीएल और वैप्कोस लिमिटेड के बीच ईको पार्क के विकसित हेतु समझौता ज्ञापन




समझौता ज्ञापन का एक दृश्य

विगत 21.07.2022 को सीसीएल दरभंगा हाउस, राँची में ईको पार्क के विकास के लिए सीसीएल और वैप्कोस लिमिटेड के बीच एक समझौता ज्ञापन किया गया। इस अवसर विशेष पर सीएमडी, सीसीएल, श्री पी.एम. प्रसाद, निदेशक तकनीकी (संचालन), श्री राम बाबू प्रसाद, निदेशक तकनीकी (योजना/परियोजना) श्री एस.के. गोमस्ता एवं वैप्कोस लिमिटेड के प्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

सीएमडी श्री पी.एम. प्रसाद ने कहा कि इस समझौते से सीसीएल के कमांड क्षेत्र में रहने वाले ग्रामीणों एवं स्टेकहोल्डर्स को लाभ मिलेगा।

सीसीएल द्वारा किए गए विभिन्न वृक्षारोपण कार्यों के अलावे पर्यावरण संरक्षण हेतु सीसीएल के कमांड क्षेत्र में कुल 126.47 हेक्टेयर क्षेत्र को कवर करते हुये 9 इको पार्कों को अधिक विकसित करने के लिए यह समझौता किया गया है। ये सभी 9 ईको पार्क झारखंड के 3 जिलों में सीसीएल के विभिन्न क्षेत्रों जैसे बी एंड के, ढोरी, कथारा, बरकाकाना, बरका–सयाल, हजारीबाग, उत्तरी करनपुरा, पिपरवार और आम्रपाली क्षेत्र में विकसित किए जाएंगे।

समझौता के अनुसार वैप्कोस लिमिटेड द्वारा प्रोजेक्ट मैनेजमेंट कंसल्टेंट (पीएमसी) के रूप में उपरोक्त पार्कों का विकास कार्य सम्पन्न किया जाएगा। इस कार्य के लिए 6 वर्ष की अवधि निर्धारित की गई है जिसमें ईको पार्क के विकास के लिए 1 वर्ष और आगे के पाँच वर्ष रख–रखाव तथा आखिरी के एक वर्ष को सेल्फ सस्टेनेबल अवधि शामिल है। उन सभी 9 ईको–पार्कों के विकास की कुल लागत लगभग 63 करोड़ रू. (जीएसटी सहित) आएगी। यह समझौता सीसीएल के पर्यावरण के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

ईको–पार्क के विकास में मधुमक्खी पालन, मछली पालन, खाद्य प्रसंस्करण संयंत्र जैसे उपयुक्त उपायों को अपनाकर एक स्थायी पारिस्थितिकी तंत्र की परिकल्पना की जाएगी, ताकि रख–रखाव व्यय को पूरा करने के लिए राजस्व सृजन का लक्ष्य रखा जा सके।

PMC यानी WAPCOS लिमिटेड स्थानीय किसानों को उनके लाभ के लिए कृषि तकनीकी जानकारी की जानकारी के साथ–साथ उन्हें शिक्षित और प्रचारित करने की सुविधा भी देगा।

भविष्य में, पीएमसी राज्य पर्यटन विभाग के साथ समन्वय में ईको–टूरिज्म की सुविधा भी प्रदान करेगा।

# सीएमडी, सीसीएल ने फ्लैग ऑफ कर 3 आपातकालिन बचाव वाहन को सीसीएल क्षेत्रों को किया समर्पित



आपात कालीन वाहन को फ्लैग ऑफ करते सीएमडी एवं निदेशकगण

विगत 22 जुलाई को सीसीएल मुख्यालय, राँची में सीएमडी, सीसीएल, श्री पी.एम. प्रसाद सहित निदेशक खान सुरक्षा, राँची रिजन, श्री आफताब अहमद, निदेशक तकनीकी (संचालन) राम बाबू प्रसाद, निदेशक तकनीकी (योजना/परियोजना), श्री एस.के. गोमास्ता, निदेशक (वित्त) श्री पवन कुमार मिश्रा एवं सीवीओ, श्री एस.के. सिन्हा ने फ्लैग ऑफ कर तीन (3) आपातकालिन बचाव वाहन को रवाना किया। इस अवसर पर सीसीएल मुख्यालय के विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष एवं अन्य कर्मी उपस्थित थे।

अवसर विशेष पर सीएमडी श्री पी.एम. प्रसाद ने कहा कि सुरक्षा को मजबूत करना हमारी प्राथमिकता है। इस तीन नये आपातकालिन वाहनों से आपात स्थिति में सुरक्षा एवं बचाव का कार्य त्वरित रूप से किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सीसीएल कोयला उत्पादन के साथ–साथ खान सुरक्षा पर पूरा ध्यान देता है और भविष्य में खदान के सुरक्षा स्तर को और भी बेहतर करने के लिए कृतसंकल्प है।

ज्ञातव्य हो कि सीसीएल अपने खान सुरक्षा को लेकर सर्वोच्च प्राथमिकता देता है और इसी कड़ी में अत्याधुनिक तीन (3) आपातकालीन बचाव वाहनों को उपलब्ध कराया गया है जो अत्याधुनिक उपकरण जैसे रेस्क्यू ब्रिगेड, ब्रिथिंग ऑपरेटर (बीजी 4), अग्नीशामक, गैस रक्षक आदि के साथ अपना कार्य कर सकेगी।

अवसर विशेष पर रेस्क्यू टीम, रामगढ़ द्वारा मॉक ड्रील कर बताया गया कि कम से कम समय में खान में रेस्क्यू किस प्रकार से करना है।

**इंसान की संपत्ति ना दौलत है ना धन है,**
**उसकी संपत्ति तो उसका हँसता हुआ परिवार और संतुष्ट मन है।**

# सीसीएल द्वारा 100 प्रतिभावान हॉकी खिलाड़ियों के बीच हॉकी स्टिक का वितरण किया गया




ग्रामीण क्षेत्रों के 100 प्रतिभावान हॉकी खिलाड़ियों के बीच हॉकी स्टिक वितरण का एक दृश्य

विगत 02 जुलाई को सीसीएल के द्वारा हॉकी सिमडेगा के सहयोग से सिमडेगा जिला के सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों के 100 प्रतिभावान हॉकी खिलाड़ियों के बीच हॉकी स्टिक का वितरण किया गया। कार्यक्रम का आयोजन एस्टोटर्फ स्टेडियम, सिमडेगा जिला में किया गया।

सीसीएल द्वारा सिमडेगा जिला के अधिकांश वैसे सुदूरवर्ती इलाकों के खिलाड़ियों के बीच हॉकी स्टिक का वितरण किया गया जहाँ चारों ओर पहाड़ों से घिरे तराई में बसे रूंघू डेरा जहाँ दुर्गम रास्तों से होकर पहुँचना पड़ता है। लेकिन हॉकी खेलने के लिए वहाँ के बच्चे खुद से श्रमदान कर मैदान बनाए हैं।

मुख्य अतिथि सिमडेगा जिला उपायुक्त महोदया श्रीमती आर रोनिता ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहन किया और सीसीएल को धन्यवाद देते हुए कहा की सीसीएल ने जो प्रयास किया है सराहनीय है और हॉकी सिमडेगा के द्वारा जिस तरह से सुदूरवर्ती इलाकों का बच्चों को चयनित किया गया है यह भी बहुत ही अच्छा कदम है।

विशिष्ट अतिथि के रुप में उपस्थित सिमडेगा जिला के पुलिस अधीक्षक श्री सौरभ ने कहा यह बहुत ही शानदार पहल है इससे खेल और आगे बढ़ेगा मेरा अनुरोध होगा कि जिस तरह सुदूरवर्ती इलाकों के खिलाड़ियों को स्टिक वितरण किया जा रहा है सीसीएल के माध्यम से हॉकी सिमडेगा का सहयोग लेकर इस तरह के गांव में भी प्रतियोगिता आयोजित करें। सिमडेगा पुलिस भी इस तरह के प्रतियोगिताओं के सफल आयोजन में अपना पूरा सहयोग करेगी।

विभागाध्यक्ष (कल्याण), सीसीएल, श्रीमती रेखा पाण्डेय ने कहा कि सीसीएल नियमित तौर पर बच्चों के विकास एवं खेल को बढ़ावा देने के लिए इस तरह का कार्यक्रम का आयोजन करता रहा है।

सीसीएल अपनी हितधारकों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है एवं समय–समय पर सीएसआर के अन्तर्गत विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन कर खेल–कूद को बढ़ावा देने का काम करता है। होटवार स्थित झारखण्ड स्पोर्ट्स अक. ादमी इस दिशा में एक मील का पत्थर साबित हुई है। यहाँ के कैडेट्स ने विभिन्न राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक जीतकर झारखण्ड का नाम रौशन किया है।

# सीबीएसई 12वीं की परीक्षा में 'सीसीएल के लाल' एवं 'सीसीएल की लाडली' का उत्कृष्ट प्रदर्शन

## 28 बच्चों में से 16 बच्चों ने 90% एवं उससे ज्यादा अंक प्राप्त किया

सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सी.सी.एल.) की महत्वाकांक्षी योजना 'सीसीएल के लाल' एवं 'सीसीएल की लाडली' के बच्चों ने 2022 की सीबीएसई की 12वी की परीक्षा में भी शानदार प्रदर्शन करते हुये शानदार सफलता प्राप्त की। इस योजना के तहत शिक्षा प्राप्त कर रहे सभी छात्र–छात्राएँ अच्छे अंक से उत्तीर्ण हुये। कुल 28 बच्चों में से 16 बच्चों ने 90% और उससे ज्यादा अंक प्राप्त कर अपने परिवार तथा कंपनी की गरीमा बढ़ाई है। सुश्री सृष्टी श्री ने 95.4% एवं नितू कुमारी ने 95.2% अंक प्राप्त कर सीसीएल के लाल एवं लाडली के बैच में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

सीएमडी, सीसीएल श्री पी एम प्रसाद ने सभी बच्चों को उनके इस सफलता के लिए बधाई एवं शुभकामनाएँ दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना किया। उन्होंने इस उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए सभी प्रशिक्षकों सहित सीएसआर की पूरी टीम की प्रशंसा की।

सीसीएल की महत्वाकांक्षी योजना 'सीसीएल के लाल' एवं 'सीसीएल की लाडली' के बच्चों को आईआईटी की निःशुल्क तैयारी करायी जाती है। सीसीएल के अधिकारीगण श्री जितेंद्र कुमार, अखिलेश कुमार, नमन श्रीवास्तव एवं ओम प्रकाश जो स्वंय आईआईटी के छात्र रहे हैं वे स्वतः सीसीएल के लाल एवं सीसीएल की लाडली का प्रशिक्षक के रूप में योगदान दे रहें हैं। इस योजना का मुख्य उद्देश्य ऐसे प्रतिभावान छात्र जो राज्य के ग्रामीण क्षेत्र में रह रहे हैं, उन्हें सीसीएल द्वारा डीएवी स्कूल गांधीनगर, रांची में दाखिला कर निःशुल्क शिक्षा, आवास एवं अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराना है। सीसीएल के लाल एवं सीसीएल की लाडली के बच्चों का चयन 10वीं कक्षा के बाद किया जाता है। इस संस्थान के सैकड़ों बच्चों ने इस योजना का लाभ उठाकर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए देश के प्रमुख इंजीनियरिंग कॉलेजों में दाखिला प्राप्त करने में कामयाबी हासिल कर चुके हैं।

# स्पेशल वैक्सीनेशन कैम्प का आयोजन

आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत सीएमडी, सीसीएल श्री पी.एम. प्रसाद के मार्गदर्शन में कर्मियों एवं उनके परिवार के सदस्यों को कोविड टीकाकरण का आयोजन 26 जुलाई से 14 अगस्त तक किया जा रहा है। इस विशेष मुहिम के अंतर्गत सोशल डिस्टेंशिंग का पालन करते हुये आज 100 से अधिक कर्मियों एवं स्टेकहोल्डर्स को टीकाकरण एवं प्रीकॉशन डोज लगाया गया।

सीएमडी श्री पी.एम. प्रसाद ने अपने कर्मियों सहित स्टेकहोल्डर्स से कोरोना का वैक्सीन लगवाने में अपना योगदान दें और इस मुहिम को सफल बनायें।

वैक्सीनेशन में सीसीएल सीएमएस, प्रभारी, डॉ. डी.के.एल. चौहान, डॉ. रत्नेश जैन, डॉ. आर.के. सिंह एवं अन्य पारा मेडिकल स्टॉफ का सक्रिय योगदान रहा।

ज्ञातव्य हो कि सरकार एवं सभी स्टेकहोल्डर्स के सहयोग से सीसीएल अपने अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक (सीएमडी), श्री पी.एम. प्रसाद के कुशल नेतृत्व एवं निदेशकगण के मार्गदर्शन में कोविड–19 से उत्पन्न चुनौतियों का सामना करने के लिए चिकित्सा सेवाओं के साथ–साथ विभिन्न माध्यम से जन सेवा कर रहा है।



वैक्सीनेशन कैम्प का एक दृश्य

# सोशल मीडिया में सीसीएल

**Tweet**

**Central Coalfields Limited**
@CCLRanchi

Hon'ble CJI Shri N.V.Ramana handed over cheques to beneficiaries of CCL Covid Crisis Scholarship.

#TeamCCL to provide scholarship from Rs 20,000 to Rs 50,000 per year for 2 years to 180 students from classes 1 to undergraduate who lost their parents to COVID.
#CclCsrInitiative



Office of Pralhad Joshi and 6 others

5:38 PM · 23/07/22 · Twitter for iPhone

**Tweet**

**Central Coalfields Limited**
@CCLRanchi

Congratulations #TeamCCL on best ever first quarter performance since inception of the company.

Shattering all the previous records, CCL attained the highest ever coal production, dispatch and OB removal during the first quarter of FY 22-23.

#AatmaNirbharBharat




Office of Pralhad Joshi and 5 others

**Tweet**

**Central Coalfields Limited**
@CCLRanchi

Akanksha Kumari working in Chruri UG mines scripts history by becoming the first woman in India to be trained in mines rescue and recovery work as per The Mines Rescue Rules, 1985.

#TeamCCL congratulates her on this stupendous accomplishment.
#atmanirbharbharat
#womenempowerment



**Tweet**

**Central Coalfields Limited**
@CCLRanchi

#TeamCCL ने सिमडेगा जिला के सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों के 100 प्रतिभावान हॉकी खिलाड़ियों के बीच हॉकी स्टिक का वितरण किया। सिमडेगा जिला में आयोजित हॉकी स्टीक वितरण कार्यक्रम में 50 बालक एवं 50 बालिकाओं को यह हॉकी स्टीक प्रदान किया गया।

Translate Tweet




Office of Pralhad Joshi and 4 others

10:23 PM · 02/07/22 · Twitter for iPhone

View Tweet activity


सम्पादक : अनुपम कुमार राणा, विभागाध्यक्ष (जनसम्पर्क), जनसम्पर्क विभाग ● सहायक सम्पादक : मयंक कश्यप, उप प्रबंधक (सीडी), जनसम्पर्क विभाग
सीसीएल, दरभंगा हाउस, राँची द्वारा प्रकाशित। (आंतरिक वितरण हेतु)